# डॉक्टोरल हुडिंग समारोह



डॉक्टोरल हुडिंग समारोह में स्वागत है। हम आज डॉक्टर ऑफ़ म्यूज़िकल आर्ट्स और डॉक्टर ऑफ़ फिलोसफी उपाधियों के लिए राइस विश्वविद्यालय के अभ्यर्थियों की हुडिंग का उत्सव मनाते हैं।

हुडिंग समारोह, विद्यार्थियों द्वारा उनकी डॉक्टोरल उपाधियां अर्जित करने की उपलब्धि का सम्मान करता है।

संकाय-सदस्य और विद्यार्थी समारोह कक्ष में जाएंगे। वहां संकायाध्यक्ष सेइची मेटसुडा द्वारा उनका अभिवादन किया जाएगा, तत्पश्चात विश्वविद्यालय के अध्यक्ष, डेविड लीब्रॉन द्वारा स्वागत भाषण दिया जाएगा। इसके बाद, उपाधि अर्जित करने वाले प्रत्येक विद्यार्थी को एक-एक करके, उसके सलाहकार के साथ, सामने बुलाया जाएगा। सलाहकार विद्यार्थी के सिर पर हुड रखेंगे। समारोह के तुरंत बाद, एलिस प्रेट ब्राउन हॉल के स्वागत-कक्ष में विद्यार्थियों, परिवारों, संकाय-सदस्यों और मित्रों के लिए स्वागत-भोज होगा।

डॉक्टरेट, राइस विश्वविद्यालय और अन्य अमेरिकी अकादमिक संस्थानों द्वारा प्रदान की जाने वाली सर्वोच्च अकादमिक उपाधि है। डॉक्टोरल उपाधि अर्जित करने वाले व्यक्तियों ने अध्ययन का एक कठिन मार्ग पूरा किया है, और उन्होंने मनुष्य के ज्ञान व समझ को आगे बढ़ाने वाले मौलिक व स्वतंत्र विद्वतापूर्ण अनुसंधान के एक उल्लेखनीय अंश की रक्षा की है। दीक्षांत समारोह की प्रस्तावना के रूप में, संकाय डॉक्टोरल हुड पहना कर इस बात को मान्यता देता है कि प्रत्येक अभ्यर्थी ने अब अकादमिक अनुसंधान के क्षेत्र में एक वैश्विक विशेषज्ञ के रूप में प्राधिकार सिद्ध कर दिया है।

उपाधि अर्जकों को उनके शोध-निबंध के शीर्षक, शोध-प्रबंध निदेशक, और हुड पहनाने वाले संकाय-सदस्य के साथ, विद्यालय-वार समूहों में सूचीबद्ध किया गया है। इस अंतरणकालीन समारोह को सर्वप्रथम सम्मानित करने वालों में विश्वविद्यालय अध्यक्ष, विश्वविद्यालय के प्रशासनिक अध्यक्ष, स्नातक एवं पोस्टडॉक्टोरल अध्ययन संकायाध्यक्ष, प्रशासनिक उपाध्यक्ष, विद्यालय संकायाध्यक्ष और संकाय सलाहकार होंगे। विश्वविद्यालय समुदाय और भी अधिक स्मरणीय उपलब्धियों से भरे करियर के मांगलिक आरंभ का उत्सव इन उपाधि अर्जकों के परिवारों और मित्रों के साथ मिलकर मनाता है। आपको बहुत-बहुत बधाई, और आने वाले वर्षों में प्राप्त होने वाली अपनी उपलब्धियों के बारे में हमें सूचित रखें।

यह समारोह उपाधि-अर्जकों के लिए उनके अर्जन को संभव बनाने में सहयोग करने वाले परिवार, मित्रों और शिक्षकों को सम्मानित करने का अवसर भी है। विद्यार्थी से एक सिद्ध विद्वान तक के मार्ग को अपनी आनंदमयी पराकाष्ठा मिल गई है क्योंकि सीखने, अनुसंधान करने और विद्वत्ता प्राप्त करने में व्यतीत अनेक घंटों के फल को सर्वोच्च अकादमिक सम्मान के योग्य मान लिया गया है।

हुड और गाउन में दिखने वाले रंग, राइस का तथा जिन क्षेत्रों में उपाधि अर्जित की गई हैं उन क्षेत्रों का प्रतिनिधित्व करते हैं। रंगीन हुड उन व्यक्तियों के लिए आरक्षित हैं जिन्होंने स्नातक उपाधि से ऊपर की अकादमिक उपाधियां अर्जित की हैं। हुड, अकादमिक वैभव का एक विशेष भाग है जो विद्वत्तापूर्ण एवं वृत्तिक उपलब्धियां दर्शाता है।

हम आशा करते हैं कि हुड पहनने वालों, उनके गुरुओं, परिवारों, और मित्रों को आज का समारोह अर्थपूर्ण और आनंदमय लगेगा। राइस विश्वविद्यालय अपने डॉक्टोरल विद्यार्थियों की उपलब्धियों में बड़े ही गर्व और संतुष्टि का अनुभव करता है।  हम अति प्रसन्न हैं कि इस बहुत ही विशेष अवसर पर आप हमारे साथ हैं।

**दर्शकों से अनुरोध है कि समारोह पूर्ण होने तक अपने स्थान पर बने रहें। कृपया गलियारों को अवरुद्ध न होने दें।  फोटोग्राफर द्वारा फोटोग्राफ बिक्री हेतु प्रस्तुत किए जाएंगे, जो दीक्षांत समारोह के बाद कुछ सप्ताह के अंदर सभी उपाधि-अर्जकों से, कुलसचिव के पास रखी पत्रावली में लिखे उनके स्थायी पतों पर संपर्क करेगा।**

# डॉक्टोरल हुडिंग समारोह

**Academic Procession**

**Greeting and introduction of platform guests**

Seiichi Matsuda, *Dean of Graduate and Postdoctoral Studies*

**Welcome**

David W. Leebron, *President of the University*

**Hooding of the doctoral candidates**

**The George R. Brown School of Engineering**

- Bioengineering
- Chemical and Biomolecular Engineering
- Civil and Environmental Engineering
- Computational and Applied Mathematics
- Computer Science
- Electrical and Computer Engineering
- Materials Science and NanoEngineering
- Mechanical Engineering
- Statistics

**The Jones Graduate School of Business**

**The School of Humanities**

- Art History
- English
- History
- Philosophy
- Religious Studies

**अकादमिक प्रगमन**

**मंचासीन अतिथियों का अभिवादन एवं परिचय**

सेइची मेटसुडा, *स्नातक एवं पोस्टडॉक्टोरल अध्ययन संकायाध्यक्ष*

**स्वागत**

डेविड डब्ल्यू. लीब्रॉन, *विश्वविद्यालय अध्यक्ष*

**डॉक्टोरल अभ्यर्थियों को हुड पहनाना**

**जॉर्ज आर. ब्राउन अभियांत्रिकी विद्यालय**

- जैवअभियांत्रिकी
- रसायन एवं जैवाण्विक अभियांत्रिकी
- सिविल एवं पर्यावरण अभियांत्रिकी
- अभिकलनात्मक एवं अनुप्रयुक्त गणित
- कंप्यूटर विज्ञान
- वैद्युत एवं कंप्यूटर अभियांत्रिकी
- पदार्थ विज्ञान एवं नेनोअभियांत्रिकी
- यांत्रिक अभियांत्रिकी
- सांख्यिकी

**जोन्स व्यापार स्नातक विद्यालय**

**मानविकी विद्यालय**

- कला इतिहास
- अंग्रेज़ी
- इतिहास
- दर्शनशास्त्र

- धार्मिक अध्ययन

**The School of Social Sciences**
- Anthropology
- Economics
- Linguistics
- Political Science
- Psychology

**समाज विज्ञान विद्यालय**
- नृविज्ञान
- अर्थशास्त्र
- भाषा-विज्ञान
- राजनीति विज्ञान
- मनोविज्ञान

**The Shepherd School of Music**

**शेफर्ड संगीत विद्यालय**

**The Weiss School of Natural Sciences**
- Biochemistry and Cell Biology
- Chemistry
- Earth Science
- Ecology and Evolutionary Biology
- Mathematics
- Physics and Astronomy

**वेइस प्राकृतिक विज्ञान विद्यालय**
- जैवरसायन एवं कोशिका जीव-विज्ञान
- रसायन विज्ञान
- भौमिकी
- पारिस्थितिकी एवं विकासीय जीवविज्ञान
- गणित
- भौतिकी एवं खगोलिकी

**Interdisciplinary Programs**
- Applied Physics
- Systems, Synthetic, and Physical Biology

**अंतर्विषयक कार्यक्रम**
- अनुप्रयुक्त भौतिकी
- तंत्र, संश्लेषित, एवं भौतिक जीवविज्ञान

**Closing**

Marie Lynn Miranda, *Provost*

**समापन**

मैरी लिन मिरांडा, *प्रशासनिक अध्यक्ष*

**Recessional**

**रिसेशनल**

**Reception**

Foyer of Alice Pratt Brown Hall

**स्वागत-भोज**

एलिस प्रेट ब्राउन हॉल का स्वागत-कक्ष